# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 03/08/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **किसी वृक्ष के तने की चौड़ाई या परिधि (girth) बढ़ाने के लिए, कोशिकाओं को तने के चारों ओर वलयाकार रूप में विभाजित होना चाहिए। यह कार्य कौन-सा ऊतक करता है?**

Ans A). दृढ़ोतक (Sclerenchyma) B). शीर्षस्थ विभज्योतक (Apical meristem) C). पार्श्व विभज्योतक (Lateral meristem)
D). अंतर्वेशी विभज्योतक (Intercalary meristem)

**Correct Answer: C**

**Q.2** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, एकसमान वृत्तीय गति को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?**

Ans A). स्थिर चाल और वेग की परिवर्ती दिशा के साथ वृत्तीय पथ के अनुदिश गति B). स्थिर चाल और स्थिर वेग के साथ सरल पथ के अनुदिश गति
C). स्थिर वेग और शून्य त्वरण के साथ वृत्तीय पथ के अनुदिश गति D). परिवर्ती चाल, परंतु स्थिर वेग के साथ वृत्तीय पथ के अनुदिश गति

**Correct Answer: A**

**Q.3** **निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना, पुरुष प्रजनन तंत्र से संबंधित नहीं हैं?**

Ans A). डिंबवाहिनी नली B). शिश्न C). वृषणकोश D). शुक्रवाहिका

**Correct Answer: A**

**Q.4** **एक विद्यार्थी बीकर में तेल और जल मिलाता है और दो पृथक परतें देखता है। इस अवलोकन के लिए कौन-सी व्याख्या सबसे उपयुक्त है?**

Ans A). तेल और जल एक ही अवस्था वाला समांगी मिश्रण बनाते हैं।
B). तेल और जल एक विषमांगी मिश्रण बनाते हैं क्योंकि उनके घटक समान रूप से वितरित नहीं होते हैं।
C). तेल और जल रासायनिक रूप से अभिक्रिया करके एक नया यौगिक बनाते हैं। D). तेल, जल में पूरी तरह घुल जाता है और एक समान विलयन बनाता है।

**Correct Answer: B**

**Q.5** **एक विद्यार्थी देखता है कि स्विमिंग पूल अपनी वास्तविक गहराई से कम गहरा दिखाई देता है। निम्नलिखित में से कौन-सी अवधारणा इस प्रभाव को सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करती है?**

Ans A). पूल फर्श से प्रकाश का परावर्तन B). जल-वायु सीमा पर प्रकाश का अपवर्तन C). जल अणुओं द्वारा प्रकाश का प्रकीर्णन D). जल में प्रकाश का आंतरिक परावर्तन

**Correct Answer: B**

**Q.6** **प्रकाश संश्लेषण के दौरान जल अणुओं के विपाटन से क्या उत्पन्न होता है?**

Ans A). नाइट्रोजन और कार्बन B). ऑक्सीजन और कार्बन C). हाइड्रोजन और ऑक्सीजन D). नाइट्रोजन और ऑक्सीजन

**Correct Answer: C**

**Q.7** **m द्रव्यमान की वस्तु को पृथ्वी की सतह के समीप h ऊँचाई तक ऊर्ध्वाधर उठाया जाता है। इसकी गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा क्या है?**

Ans A). mh/g B). hg/m C). mgh D). mg/h

**Correct Answer: C**

**Q.8** **हृदय द्वारा शरीर में पंप किए गए रक्त में कौन-सी गैस सबसे प्रचुर मात्रा में होती है?**

Ans A). ऑक्सीजन B). हाइड्रोजन C). कार्बन डाइऑक्साइड D). हीलियम

**Correct Answer: A**

**Q.9** **एक पक्षी विज्ञानी देखता है कि पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले पक्षियों की वक्ष पेशियां, वनों में पाए जाने वाले पक्षियों की तुलना में अधिक मजबूत होती हैं और उनके पंख बड़े होते हैं। यहाँ कौन-सा संरचनात्मक अनुकूलन प्रदर्शित हो रहा है?**

Ans A). विरल वायु में निरंतर उड़ान को सुगम बनाना B). घोंसला बनाने की क्षमता बढ़ाना C). छद्मावरण में सुधार D). अंडे के उत्पादन में वृद्धि

**Correct Answer: A**

**Q.10** **एथेनॉइक अम्ल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

Ans A). यह साबुन जैसा लगता है और इसका स्वाद कड़वा होता है B). यह जल में विलीन नहीं होता है

C). यह नीले लिटमस को लाल कर देता है और कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करके $CO_2$ उत्पन्न करता है

D). इसका उपयोग इसके शर्करा अंश के कारण खाद्य को मीठा करने के लिए किया जाता है

**Correct Answer: C**

**Q.11** **अग्निशामकों में सोडियम कार्बोनेट की तुलना में बेकिंग सोडा को क्यों प्राथमिकता दी जाती है?**

Ans A). क्योंकि यह अविलेय अवशेष बनाता है B). क्योंकि यह शीघ्रता से हाइड्रोजन गैस का उत्पादन करता है

C). क्योंकि यह तीव्रता से अभिक्रिया करके ऊष्मा का उत्पादन करता है D). क्योंकि यह अम्ल के साथ आसानी से कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त करता है

**Correct Answer: D**

**Q.12** **एक इलेक्ट्रिक हीटर का अनुमतांक 2000 W है और इसका उपयोग 2 घंटे के लिए किया जाता है। जूल में कितनी ऊर्जा उपभुक्त होगी?**

Ans A). 14,400,000 जूल B). 720,000 जूल C). 7,200,000 जूल D). 3,600,000 जूल

**Correct Answer: A**

**Q.13** **आयरन धातु जो सक्रियता श्रेणी (activity series) के मध्य में आती है, के उसके अयस्क से निष्कर्षण के लिए प्रायः किस प्रक्रम का उपयोग किया जाता है?**

Ans A). ऊष्मीय अपघटन B). कार्बन (कोक) के साथ अपचयन C). हाइड्रोजन के साथ अपचयन D). विद्युत-अपघटनी अपचयन

**Correct Answer: B**

**Q.14** **जंतु कोशिकाओं में कोशिकीय श्वसन के दौरान निर्मुक्त ऊर्जा का उपयोग करके कौन-सा अणु तत्काल संश्लेषित होता है?**

Ans A). ग्वानोसीन डाइफॉस्फेट (GDP) B). ऐडेनोसिन डाइफॉस्फेट (ADP) C). ऐडेनोसिन ट्राइफॉस्फेट (ATP) D). निकोटिनैमाइड ऐडेनीन डाइन्यूक्लिओटाइड (NAD)

**Correct Answer: C**

**Q.15** **एक विद्यार्थी, वायु में कॉपर पाउडर को गर्म करने पर निम्नलिखित अभिक्रिया देखता है:**
**$2Cu + O_2 \rightarrow 2CuO$**
**बाद में, हाइड्रोजन गैस को काले कॉपर ऑक्साइड पर प्रवाहित किया जाता है और लाल-भूरा कॉपर प्राप्त होता है।**
**$CuO + H_2 \rightarrow Cu + H_2O$**
**कौन-सा पदार्थ, पहली अभिक्रिया में ऑक्सीकृत होता है और दूसरी अभिक्रिया में अपचयित होता है?**

Ans A). पहली अभिक्रिया में कॉपर ऑक्साइड और दूसरी अभिक्रिया में कॉपर B). पहली अभिक्रिया में हाइड्रोजन और दूसरी अभिक्रिया में कॉपर ऑक्साइड

C). पहली अभिक्रिया में ऑक्सीजन और दूसरी अभिक्रिया में कॉपर ऑक्साइड D). पहली अभिक्रिया में कॉपर और दूसरी अभिक्रिया में कॉपर ऑक्साइड

**Correct Answer: D**

**Q.16** **न्यूट्रॉन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

Ans A). न्यूट्रॉन में कोई आवेश नहीं होता और वे परमाणु के नाभिक में पाए जाते हैं B). न्यूट्रॉन ऋणावेशित होते हैं और बाह्यतम कक्षा में पाए जाते हैं

C). न्यूट्रॉन नाभिक में पाए जाने वाले धनात्मक आवेशित कण होते हैं D). न्यूट्रॉन इलेक्ट्रॉनों की तरह नाभिक के चारों ओर घूमते हैं

**Correct Answer: A**

**Q.17** **एक विद्यार्थी देखता है कि किसी अवतल दर्पण के वक्रता केंद्र से परे रखी वस्तु को फोकस की ओर ले जाने पर प्रतिबिंब में परिवर्तन होता है। क्या परिवर्तन देखा जाता है?**

Ans A). प्रतिबिंब का आकार और स्थिति वही रहती है B). प्रतिबिंब बड़ा हो जाता है और दर्पण से दूर चला जाता है

C). प्रतिबिंब छोटा हो जाता है और दर्पण से दूर चला जाता है D). प्रतिबिंब छोटा हो जाता है और दर्पण की ओर गति करता है

**Correct Answer: B**

**Q.18** **केंचुए और केकड़े दोनों के शरीर खंडित होते हैं, लेकिन केवल एक का बाहरी आवरण कठोर होता है। स्थलीय वातावरण में यह बाहरी आवरण क्या लाभ प्रदान करता है?**

Ans A). शिकार को पकड़ने के लिए स्पर्शक प्रदान करता है B). अधिक नम्य संचलन की सुविधा देता है C). जल हानि को रोकता है और सुरक्षा प्रदान करता है

D). पाचन के लिए एकल द्वार को सुगम बनाता है

**Correct Answer: C**

**Q.19** तीन तत्वों के परमाण्विक द्रव्यमान इस प्रकार हैं: C = 12 u, O = 16 u और H = 1 u, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प $CO_2$ और $H_2O$ के आण्विक द्रव्यमानों को सटीक रूप से निरूपित करता है?

**Ans** A). $CO_2$ = 44 u ; $H_2O$ = 16 u B). $CO_2$ = 32 u ; $H_2O$ = 18 u C). $CO_2$ = 46 u ; $H_2O$ = 20 u D). $CO_2$ = 44 u ; $H_2O$ = 18 u

**Correct Answer: D**

**Q.20** एक साइकिल चालक 30 किलोमीटर की दूरी 1.5 घंटे में तय करता है। साइकिल चालक की औसत चाल कितनी है?

**Ans** A). 45 किलोमीटर प्रति घंटा B). 2 किलोमीटर प्रति घंटा C). 20 किलोमीटर प्रति घंटा D). 15 किलोमीटर प्रति घंटा

**Correct Answer: C**

**Q.21** एक विद्यार्थी क्षैतिज से किसी कोण पर एक बॉक्स पर नियत बल अनुप्रयुक्त करता है और बॉक्स रूक्ष पृष्ठ पर एक सीधी क्षैतिज रेखा में गति करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन बॉक्स पर अनुप्रयुक्त बल द्वारा किए गए कार्य का सही वर्णन करता है?

**Ans** A). अनुप्रयुक्त बल का केवल ऊर्ध्वाधर घटक, जिसे ऊर्ध्वाधर रूप से स्थानांतरित की गई दूरी से गुणा किया जाता है।

B). अनुप्रयुक्त बल के केवल क्षैतिज घटक को उसी दिशा में स्थानांतरित दूरी से गुणा करने पर किया गया कार्य प्राप्त होता है।

C). बल के क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर घटकों का योग, तय की गई कुल दूरी से गुणा किया जाता है।

D). अनुप्रयुक्त बल, जिसमें क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर दोनों घटक शामिल हैं, को स्थानांतरित दूरी से गुणा किया जाता है।

**Correct Answer: B**

**Q.22** एक पेंसिल जल में आंशिक रूप से डुबाने पर मुड़ी हुई दिखाई देती है। अपवर्तन को समझना बेहतर एक्वेरियम डिस्प्ले डिजाइन करने में किस प्रकार सहायता कर सकता है, इसे समझाने में कौन-सा परिदृश्य सर्वाधिक उपयुक्त है?

**Ans** A). अपवर्तन को ध्यान में रखते हुए प्रकाश की स्थिति निर्धारित करने से मछलियां दर्शकों को उनकी वास्तविक स्थितियों पर दिखाई दे सकती हैं

B). एक्वेरियम की द्युति बढ़ाने के लिए दर्पणों का उपयोग करना C). प्रकाश के बंकन को कम करने के लिए जल का तापमान बदलना

D). वस्तुओं को विशिष्ट रूप से दिखाने के लिए रंगीन पृष्ठभूमियों का उपयोग करना

**Correct Answer: A**

**Q.23** नीचे दिए गए दो कथनों का संदर्भ लीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन A: एथेनॉइक अम्ल, क्षार के साथ अभिक्रिया करके लवण और जल का निर्माण करता है।
कथन B: इस अभिक्रिया को ऑक्सीकरण अभिक्रिया के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**Ans** A). कथन A और B दोनों सही हैं B). कथन A सही है लेकिन B गलत है C). कथन A गलत है लेकिन B सही है D). कथन A और B दोनों गलत हैं

**Correct Answer: B**

**Q.24** विद्युत पारेषण लाइन (electrical transmission lines) के लिए कौन-सी सामग्री सबसे अच्छा विकल्प होगी?

**Ans** A). एल्यूमीनियम B). रबड़ C). टंगस्टन D). शीशा

**Correct Answer: A**

**Q.25** अजैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट से संबंधित मुख्य पर्यावरणीय सरोकार क्या है?

**Ans** A). यह मृदा उर्वरता में सुधार करता है B). यह संचित हो जाता है जिसके परिणामस्वरूप प्रदूषण होता है C). यह जीवों द्वारा शीघ्र पुनर्चक्रित हो जाता है

D). यह प्रकृति में आसानी से विघटित हो जाता है

**Correct Answer: B**

**Q.26** x का मान ज्ञात कीजिए:

$$[\{(\frac{3}{4})^2\}^4]^{x+3} = [\{(\frac{9}{16})^{1/2}\}^{x-2}]^2$$

**Ans** A). $3\frac{1}{2}$ B). $-2\frac{1}{4}$ C). $-4\frac{2}{3}$ D). $1\frac{3}{4}$

**Correct Answer: C**

**Q.27** एक झील से 60 m ऊपर स्थित बिंदु से बादल का उन्नयन कोण 30° है और उसके परावर्तन का अवनमन कोण 60° है। बादल की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 100 m B). 120 m C). 80 m D). 60 m


**Correct Answer: B**

**Q.28** एक व्यक्ति ने 7% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 5 वर्षों के लिए ₹15 लाख उधार लिए। यदि वह कुल राशि को समान मासिक किश्तों में चुकाना चाहता है, तो मासिक किश्त ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹32,600 B). ₹44,000 C). ₹33,750 D). ₹41,640

**Correct Answer: C**

Q.29 दिए गए पाई चार्ट वर्ष 2024 और 2025 में एक कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों में व्यय के वितरण/बंटन (distribution of expenditure) को दर्शाते हैं। 2024 में कुल व्यय ₹18,00,000 था और 2025 में कुल व्यय ₹24,00,000 था। 2024 से 2025 तक अनुसंधान पर किए गए व्यय में वृद्धि (₹ में) ज्ञात कीजिए।




**Ans** A). 2,40,000 B). 2,70,000 C). 2,10,000 D). 1,80,000

**Correct Answer: C**

Q.30 एक विद्यार्थी 12 km की दूरी तय करने के लिए 10 km/hr की औसत चाल से साइकिल चलाता है। संपूर्ण यात्रा के लिए 11 km/hr की औसत चाल प्राप्त करने के लिए उसे अगले 10 km की दूरी किस चाल से तय करनी चाहिए?

**Ans** A). 11 km/hr B). 15 km/hr C). 12.5 km/hr D). 10.8 km/hr

**Correct Answer: C**

Q.31 संख्याओं 1, 3 और 14 को क्रमशः 3, 1 और 1 का भार दिया गया है। उनका भारित समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 3 B). 4 C). 8 D). 6

**Correct Answer: B**

Q.32 ΔXYZ और ΔPQR में, यदि XY = PQ और YZ = QR हों, तो निम्नलिखित में से किस स्थिति में यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ΔXYZ ≅ ΔPQR होगा?

**Ans** A). $\angle YXZ = \angle QPR$ B). $\angle XZY = \angle PRQ$ C). $\angle XYZ = \angle PQR$ D). $\angle XZY = \angle QPR$

**Correct Answer: C**

Q.33 दिया है कि $102^{0.77} = x$, $102^{0.44} = y$ और $x^z = y^8$, तो z का मान किसके निकट है?

**Ans** A). 6.05 B). 5.23 C). 3.44 D). 4.57

**Correct Answer: D**

**Q.34** दिए गए आँकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

| वर्ग अंतराल | 0-5 | 5-10 | 10-15 | 15-20 | 20-25 | 25-30 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 3 | 7 | 5 | 4 | 8 | 6 |

**Ans** A). 18.54 B). 15.28 C). 16.875 D). 12.62

**Correct Answer: C**

**Q.35** एक पौधे में प्रति वर्ष 12.5% की वृद्धि होती है। यदि उसकी वर्तमान ऊँचाई 64 cm है, तो 2 वर्षों के बाद उसकी ऊँचाई कितनी होगी, मान लीजिए कि वृद्धि, वार्षिक रूप से संयोजित होती है?

**Ans** A). 81 cm B). 88 cm C). 80 cm D). 85 cm

**Correct Answer: A**

**Q.36** पाइप A एक टंकी को 4 घंटे में पूर्णत: भर सकता है, पाइप B उसी टंकी को 8 घंटे में पूर्णत: भर सकता है और पाइप C उसी टंकी को 8 घंटे में पूर्णत: भर सकता है। उन सभी को एकसाथ प्रचालित करने पर उसी टंकी का आधा भाग भरने में उन्हें कितना समय (घंटे में) लगेगा?

**Ans** A). 1 B). 4 C). 3 D). 2

**Correct Answer: A**

**Q.37** निम्नलिखित व्यंजक को सरलीकृत कीजिए।

$(2x + 3y)^2 - (2x - 3y)^2 + 12xy$

**Ans** A). 24xy B). 48xy C). 60xy D). 36xy

**Correct Answer: D**

**Q.38** एक मीनार के शीर्ष से, भू-तल पर स्थित एक बिन्दु A का अवनमन कोण $30^\circ$ है। मीनार पर उसी बिंदु से, बिंदु A के ऊपर ऊर्ध्वाधर ऊँचाई पर एक गुब्बारे का उन्नयन कोण $60^\circ$ है। यदि मीनार और बिंदु A के बीच क्षैतिज दूरी 40 मीटर है, तो बिंदु A के ऊपर गुब्बारे की ऊँचाई (मीटर में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $\frac{40}{\sqrt{3}}$ B). $\frac{120}{\sqrt{3}}$ C). $\frac{80}{\sqrt{3}}$ D). $\frac{160}{\sqrt{3}}$

**Correct Answer: C**

**Q.39** रमन की आय ₹34,000 है। वह अपनी आय का 5.5% बचाता है। यदि उसकी आय में 17% की वृद्धि हो जाती है और व्यय में 10% की वृद्धि हो जाती है, तो उसकी बचत पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

**Ans** A). ₹2,657 की कमी होगी B). ₹10,284 की वृद्धि होगी C). ₹2,567 की वृद्धि होगी D). ₹10,285 की कमी होगी

**Correct Answer: C**

**Q.40** 12 पुरुष किसी कार्य को 20 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उसी कार्य को पूरा करने में 30 पुरुष कितने दिन लेंगे?

**Ans** A). 12 दिन B). 8 दिन C). 11 दिन D). 9 दिन

**Correct Answer: B**

**Q.41** संख्या 4, 8 और 12 का औसत कितना होगा?

**Ans** A). 10 B). 12 C). 6 D). 8

**Correct Answer: D**

**Q.42** एक बेईमान दुकानदार अपने माल को क्रय मूल्य पर बेचने का वादा करता है। हालांकि, वह एक ऐसे बाट का उपयोग करता है जिसका वजन उस पर लिखे वास्तविक वजन से 20% कम है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 23.62% B). 25% C). 26.02% D). 24.6%

**Correct Answer: B**

**Q.43** किसी लैपटॉप की कीमत पहले वर्ष में 20% और दूसरे वर्ष में 10% बढ़ जाती है। यदि मूल कीमत ₹50,000 थी, तो दो वर्षों के बाद अंतिम कीमत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹65,000 B). ₹67,000 C). ₹66,000 D). ₹68,000

**Correct Answer: C**

**Q.44** 6.5 और 24 का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $3\sqrt{39}$ B). $\sqrt{39}$ C). $4\sqrt{39}$ D). $2\sqrt{39}$

**Correct Answer: D**

**Q.45** एक दुकानदार किसी वस्तु का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 44% अधिक अंकित करता है और फिर उसपर प्रत्येक 39% की दो क्रमिक छूटें देता है। उसका हानि प्रतिशत कितना होगा? (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करें)

**Ans** A). 48% B). 45% C). 47% D). 46%

**Correct Answer: D**

**Q.46** यदि एक निश्चित धनराशि अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होती है तथा 3 वर्ष बाद ₹1,600 और 6 वर्ष बाद ₹6,400 हो जाती है, तो मूलधन ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹440 B). ₹375 C). ₹400 D). ₹410

**Correct Answer: C**

Q.47 एक वृत्ताकार ट्रैक की त्रिज्या 28 m है। यदि 90° का कोण बनाने वाले एक सेक्टर (दो त्रिज्याओं और उनके अंतिम बिंदुओं को जोड़ने वाले चाप से परिबद्ध पाई के आकार का क्षेत्र) की बाउंड्री पर ₹15 प्रति मीटर की दर से तीन बार बाड़ लगाई जाए, तो बाड़ लगाने की कुल लागत ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans A). ₹5,400 B). ₹1,500 C). ₹4,500 D). ₹1,800

Correct Answer: C

Q.48 किसी बेलन की त्रिज्या में 20% की वृद्धि की जाती है और उसकी ऊंचाई में 10% की कमी की जाती है। उसके आयतन में प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

Ans A). 29.6% वृद्धि B). 26.9% कमी C). 29.6% कमी D). 26.9% वृद्धि

Correct Answer: A

Q.49 एक नाविक नदी में नाव चला रहा है। उसे धारा की विपरीत दिशा में जाने में 4 घंटे और धारा की दिशा में जाने में 2.5 घंटे लगते हैं। यदि नदी की धारा की चाल 3 km/h है, तो स्थिर जल में नाव की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 14 km/h B). 13 km/h C). 11 km/h D). 12 km/h

Correct Answer: B

Q.50 A का वह न्यूनतम अंकीय मान ज्ञात कीजिए जिससे 58A4, 4 से विभाज्य हो जाए।

Ans A). 2 B). 0 C). 6 D). 4

Correct Answer: B

Q.51 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

9 − 34 + 38 × 18 ÷ 27 = ?

Ans A). −12 B). −13 C). −14 D). −16

Correct Answer: C

Q.52 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आएगा?
EMC HOD KQE NSF ?

Ans A). OVH B). OUG C). PWH D). QUG

Correct Answer: D

Q.53 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
BIK : IPR
EAT : LHA

Ans A). YEL : HLE B). NET : GLA C). MIT : TQB D). PIC : WPJ

Correct Answer: D

Q.54 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 421 736 589 340 275 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक और सबसे छोटी संख्या के पहले अंक के बीच का अंतर कितना है?

Ans A). 1 B). 3 C). 2 D). 4

Correct Answer: A

Q.55 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया लागू करने से दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया लागू करने से तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी तरह आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, प्रश्न में दिए गए समुच्चयों के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट - एक दो/तीन अंकीय संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता; उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता।)

8 – 32 – 128 – 512 ; 2 – 8 – 32 – 128

Ans A). 5 - 15 - 75 - 375 B). 4 - 16 - 64 - 200 C). 6 - 12 - 27 - 81 D). 3 - 12 - 48 - 192

Correct Answer: D

Q.56 यदि संख्या 812347695 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सभी विषम अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans A). 24 B). 22 C). 17 D). 20

Correct Answer: A

**Q.57** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से, YFQC का संबंध AHSE से है। उसी प्रकार, XVKJ का संबंध ZXML से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, WNAP का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans A). YQCS B). YPBQ C). ZQDS D). YPCR

Correct Answer: D

**Q.58** राघव बिंदु A से शुरू करके उत्तर दिशा में 22 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, 24 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 38 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह फिर बाएँ मुड़ता है और 41 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएँ मुड़ता है, 16 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans A). 16 km, पश्चिम की ओर B). 17 km, पश्चिम की ओर C). 19 km, पूर्व की ओर D). 18 km, पूर्व की ओर

Correct Answer: B

**Q.59** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). QNL B). YVT C). AXV D). VSP

Correct Answer: D

**Q.60** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

BUN PET COG DAI

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने शब्दों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans A). दो B). एक भी नहीं C). एक D). तीन

Correct Answer: C

**Q.61** यदि संख्या 5783614 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाता है और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों के बीच कितना अंतर होगा?

Ans A). 7 B). 6 C). 5 D). 4

Correct Answer: B

**Q.62** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एक-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 4 9 1 3 6 4 8 9 7 2 5 3 4 6 8 4 1 5 6 7 4 2 6 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद में एक सम अंक है?

Ans A). चार B). दो C). पांच D). तीन

Correct Answer: A

**Q.63** C, E, R, T, A, I और N में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। C की परीक्षा शुक्रवार को है। E और C के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। I और E के बीच केवल चार व्यक्तियों की परीक्षा है। A की परीक्षा, R की परीक्षा के ठीक बाद वाले दिन है। N की परीक्षा सोमवार को नहीं है।
N और T के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans A). दो B). चार C). तीन D). एक

Correct Answer: B

**Q.64** निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) R A J A R A N I R A D H A R A N I F A S H I O N U P P E R Q (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक स्वर भी है?

Ans A). चार B). एक C). तीन D). दो

Correct Answer: C

**Q.65** निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) X G Q C D H D C B H K Q R O F A J E Z U O (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans A). दो B). तीन C). चार D). एक

Correct Answer: B

**Q.66** यदि शब्द EUCHRAD के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और फिर इस तरह बने सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, दाएं से चौथे स्थान पर होगा?

**Ans** A). E B). D C). I D). F

**Correct Answer: D**

**Q.67** A, D, F, G, H और S एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। G विषम क्रमांक वाले किसी एक तल रहता है, लेकिन 5 पर नहीं रहता है। G और D जिन तलों पर रहते हैं, उन तलों के क्रमाकों का योग 5 है। D और H के बीच केवल 3 व्यक्ति रहते हैं। S, F के ठीक ऊपर रहता है। G और F जिन तलों पर रहते हैं, उन तलों के क्रमाकों का योग कितना है?

**Ans** A). 8 B). 5 C). 6 D). 7

**Correct Answer: D**

**Q.68** P, B, N, L, C, G और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
B से पहले केवल चार व्यक्तियों की परीक्षा है। G की परीक्षा मंगलवार को है। L की परीक्षा P के ठीक बाद लेकिन गुरुवार को नहीं है। C की परीक्षा V से पहले नहीं है। N की परीक्षा V के बाद नहीं है। N और B के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

**Ans** A). चार B). एक C). तीन D). दो

**Correct Answer: C**

**Q.69** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त समान संक्रिया-समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

13 - 26 - 30 - 60
3 - 6 - 10 - 20

**Ans** A). 12 - 15 - 30 - 60 B). 14 - 16 - 32 - 68 C). 16 - 32 - 64 - 70 D). 4 - 8 - 12 - 24

**Correct Answer: D**

**Q.70** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). DCF B). WVY C). BAD D). AAC

**Correct Answer: D**

**Q.71** इस प्रश्न में, एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।
5 छड़ियों V, H, Y, D और N (प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग) में से कौन-सी छड़ी सबसे लंबी है?
(I) V, D से लंबी है लेकिन N से छोटी है। V केवल एक छड़ी से छोटी है।
(II) D, H से लंबी है।

**Ans** A). कथन I और कथन II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

B). अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

C). अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

D). कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

**Correct Answer: C**

**Q.72** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़िए तथा उचित उत्तर का चयन कीजिए।
5 खंभों F, R, H, U और T में से प्रत्येक की ऊँचाई भिन्न है, इनमें से सबसे ऊँचा खंभा कौन-सा है?
(I) F, U से ऊँचा है लेकिन T से छोटा है। (II) F केवल एक खंभे से छोटा है।
(II) U, R से ऊँचा है।

**Ans** A). केवल कथन (I) पर्याप्त है, लेकिन केवल कथन (II) पर्याप्त नहीं है। B). केवल कथन (II) पर्याप्त है, लेकिन केवल कथन (I) पर्याप्त नहीं है।

C). कथन (I) और (II) दोनों मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

D). कथन (I) और (II) दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, लेकिन कोई भी अकेले पर्याप्त नहीं है।

**Correct Answer: A**

Q.73 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : WYA :: VXZ : %

Ans A). # = RVX , % = ACE B). # = RTV , % = ABF C). # = RTV , % = ACE D). # = RTU , % = ZBD

Correct Answer: C

Q.74 छह मित्र, C, D, E, O, P और Q, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। O के दाईं ओर से तीसरे स्थान पर P बैठा है। O के बाईं ओर से गिनने पर O और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E के ठीक दाएं पड़ोस में C बैठा है। E के दाईं ओर से गिनने पर E और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). तीन B). एक C). दो D). एक भी नहीं

Correct Answer: C

Q.75 शब्द BRISANT के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

Ans A). तीन B). एक C). दो D). एक भी नहीं

Correct Answer: D

Q.76 C, D, J, R, T, V और Y एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Y के दाईं ओर से गिनती करने पर Y और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। T के दाईं ओर से गिनती करने पर R और T के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, T के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। V, J के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। T के दाईं ओर से गिनती करने पर V और T के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). 4 B). 1 C). 3 D). 2

Correct Answer: D

Q.77 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

67 76 94 121 157 ?

Ans A). 196 B). 202 C). 186 D). 177

Correct Answer: B

Q.78 S, E की पुत्री है। E, L की पत्नी है। N, K की माता है। N, L की बहन है। N का S से क्या संबंध है?

Ans A). पिता की बहन B). पत्नी C). पुत्री D). पिता की माता

Correct Answer: A

Q.79 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'L + G # P % Q + K × Z' है, तो K का G से क्या संबंध है?

Ans A). माता B). भाई की पत्नी C). पत्नी की माता D). बहन की पुत्री

Correct Answer: D

Q.80 मिस्टर जिगमी, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हैं और पश्चिम की ओर 29 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 11 km ड्राइव करते हैं, फिर बाएं मुड़ते हैं और 46 km ड्राइव करते हैं। फिर से वह बाएं मुड़ते हैं और 36 km ड्राइव करते हैं, वह फिर बाएं मुड़ते हैं और 5 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 9 km ड्राइव करते हैं। अंत में वह दाएं मुड़ते हैं और 12 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans A). 9 km; पश्चिम की ओर B). 9 km; उत्तर की ओर C). 16 km; दक्षिण की ओर D). 16 km; पूर्व की ओर

Correct Answer: C

Q.81 केंद्रीय बजट 2026–27 में कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन एंड स्टोरेज (CCUS) विकास को प्रोत्साहन देने हेतु पांच वर्षों के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई?

Ans A). ₹15,000 करोड़ B). ₹20,000 करोड़ C). ₹10,000 करोड़ D). ₹5,000 करोड़

Correct Answer: B

Q.82 ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026, अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों की किस श्रेणी के अंतर्गत आता है?

Ans A). ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट B). UEFA चैंपियंस लीग C). ATP फाइनल्स चैम्पियनशिप इवेंट D). डेविस कप इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन

Correct Answer: A

**Q.83** **अप्रैल 2026 में एक ही जहाज पर 6,008 कारों को शिपिंग करके राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाला कौन-सा बंदरगाह भारत का सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल निर्यात केंद्र बनकर उभरा?**

Ans A). कांडला बंदरगाह B). विशाखापत्तनम बंदरगाह C). पारादीप बंदरगाह D). मुंद्रा बंदरगाह

Correct Answer: D

**Q.84** **सूडान में जारी संघर्ष के दौरान प्रेस स्वतंत्रता की रक्षा करने और पत्रकारों को जानबूझकर निशाना बनाए जाने की निंदा करने के प्रयासों के सम्मान में, निम्नलिखित में से किसे 2026 यूनेस्को/गिल्लर्मो कानो वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम प्राइज (UNESCO/Guillermo Cano World Press Freedom Prize) से सम्मानित किया गया?**

Ans A). इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (International Federation of Journalists) B). रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (Reporters Without Borders)
C). सूडानी जर्नलिस्ट्स सिंडिकेट (Sudanese Journalists Syndicate) D). कमिटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (Committee to Protect Journalists)

Correct Answer: C

**Q.85** **2026 में पद्म विभूषण पुरस्कार एक ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व को प्रदान किया गया जिन्होंने हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में अग्रणी योगदान दिया है और वैश्विक स्तर पर वायलिन वादक के रूप में ख्याति प्राप्त हैं। यहाँ किस व्यक्तित्व का वर्णन किया जा रहा है?**

Ans A). भीमसेन जोशी B). एन. राजम C). रवि शंकर D). जाकिर हुसैन

Correct Answer: B

**Q.86** **किस देश ने विंटर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में, रिकॉर्ड 41 पदकों के साथ लगातार तीसरी बार खिताब जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया, और विंटर ओलंपिक गेम्स, 2026 के किसी एकल संस्करण में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतने का एक नया रिकॉर्ड बनाया?**

Ans A). संयुक्त राज्य अमेरिका B). जापान C). चीन D). नॉर्वे

Correct Answer: D

**Q.87** **2025 में विकसित भारत के 3D-प्रिंटेड ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन, मौसम के पूर्वानुमान में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू किए गए किस राष्ट्रीय कार्यक्रम का हिस्सा हैं?**

Ans A). नेशनल क्लाइमेट एक्शन प्लान (National Climate Action Plan) B). मिशन मेघदूत (Mission Meghdoot)
C). नेशनल वेदर फोरकास्टिंग मिशन (National Weather Forecasting Mission) D). मिशन मौसम (Mission Mausam)

Correct Answer: D

**Q.88** **केंद्रीय बजट 2026-2027 में, उत्तरी भारत में NIMHANS-2 की संस्थापना करने की घोषणा किस क्षेत्र से संबंधित है?**

Ans A). उच्चतर शिक्षा नीति सुधार B). मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिकाविज्ञान अवसंरचना C). नवीकरणीय ऊर्जा विकास D). कृषि विकास

Correct Answer: B

**Q.89** **पहले एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटरक्राफ्ट (ASW SWC), 'माहे' (Mahe) को आधिकारिक तौर पर 23 अक्टूबर, 2025 को निम्नलिखित में से किस शहर में स्थित एक रक्षा शिपयार्ड द्वारा भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया था?**

Ans A). चेन्नई B). मुंबई C). पणजी D). कोच्चि

Correct Answer: D

**Q.90** **राष्ट्रीय खेल शासन (राष्ट्रीय खेल बोर्ड) नियम, 2026 के अनुसार, राष्ट्रीय खेल बोर्ड में __________________ शामिल होंगे।**

Ans A). एक अध्यक्ष और पांच सदस्य B). एक अध्यक्ष और तीन सदस्य C). एक अध्यक्ष और चार सदस्य D). एक अध्यक्ष और दो सदस्य

Correct Answer: D

**Q.91** **2026 में निम्नलिखित में से किस राज्य ने इधु नम्मा आट्टम (CM युवा महोत्सव) आयोजित किया था?**

Ans A). केरल B). तमिलनाडु C). आंध्र प्रदेश D). कर्नाटक

Correct Answer: B

**Q.92** **2025/26 के ग्लोबल वीमेन, पीस एंड सिक्योरिटी इंडेक्स (global Women, Peace and Security Index) में कौन-सा देश सबसे निचले रैंक पर रहा?**

Ans A). अफगानिस्तान B). सोमालिया C). यमन D). सीरिया

Correct Answer: A

**Q.93** **इंडिया–AI इम्पैक्ट समिट 2026 का आयोजन किस स्थान पर किया गया?**

Ans A). भारत मंडपम, नई दिल्ली B). इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली C). यशोभूमि, नई दिल्ली D). विज्ञान भवन, नई दिल्ली

Correct Answer: A

**Q.94** **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अंतर्गत, ठोस अपशिष्ट को उसके स्रोत पर कितनी धाराओं (streams) में पृथक्कृत किया जाना चाहिए?**

Ans A). दो धाराएं B). चार धाराएं C). तीन धाराएं D). पाँच धाराएं

Correct Answer: B

**Q.95** **भारत सरकार द्वारा आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ECLGS) 5.0 कब शुरू की गई थी?**

Ans A). जनवरी 2026 B). मार्च 2026 C). जून 2026 D). मई 2026

Correct Answer: D

**Q.96** **15 जून, 2026 को किस संगठन ने लंबी दूरी की सतह पर हमला करने में सक्षम क्रूज मिसाइल (LRLACM) का सफल उड़ान परीक्षण किया था?**

Ans A). भारतीय वायु सेना (IAF) B). भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) C). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) D). रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)

**Correct Answer: D**

**Q.97** **केंद्रीय बजट 2026-27 में, कुल सार्वजनिक व्यय का कितना प्रतिशत हिस्सा जेंडर बजट द्वारा निर्धारित किया गया है?**

Ans A). कुल बजट का 8.86% B). कुल बजट का 9.37% C). कुल बजट का 6.80% D). कुल बजट का 11.36%

**Correct Answer: B**

**Q.98** **मई 2026 में रक्षा लेखा महानियंत्रक (CGDA) का पदभार किसने ग्रहण किया?**

Ans A). संजय जमुआर B). अनुग्रह नारायण दास C). दिलीप कुमार D). विश्वजीत सहाय

**Correct Answer: B**

**Q.99** **भारत में 7 मई, 2026 को रवींद्रनाथ टैगोर की ______ जयंती मनाई गई।**

Ans A). 175वीं B). 155वीं C). 165वीं D). 150वीं

**Correct Answer: C**

**Q.100** **अप्रैल 2026 में किन दो रक्षा संगठनों ने नेवल एंटी-शिप मिसाइल-शॉर्ट रेंज (NASM-SR) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया?**

Ans A). सशस्त्र बल विशेष अभियान प्रभाग और भारतीय तटरक्षक बल B). रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारतीय नौसेना C). भारतीय थलसेना और भारतीय वायु सेना D). राष्ट्रीय अन्वेषण प्राधिकरण और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल

**Correct Answer: B**

"